देवघर
मंगलवार, 31 जनवरी 2023
माघ शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत् 2079
मूल्य ₹ 3.00 कुल पृष्ठ 12
आमंत्रण मूल्य ₹ 2.00
epaper.indianpunch.com
वर्ष: 42, अंक: 31, रजिस्ट्रेशन: 39728/84
संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक
इंडियन पंच
तल्ख दिखे, निष्पक्ष लिखे
पेशावर के मस्जिद में बम विस्फोट से 28 ... 9
11 अब टी20 विश्व कप पर शेफाली की ...



# डीपीएस आसनसोल के पूर्व प्रो. वाइस चेयरमैन स्व. रमेश गोयनका की मनायी गई पुण्यतिथि




**आसनसोल। संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के संस्थापक व पूर्व प्रो. वाइस चेयरमैन स्व. रमेश गोयनका की प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यालय प्रांगण में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विद्यालय के समस्त छात्रों सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने शांति पाठ कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्य ने श्री गोयनका जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने श्री गोयनका के व्यक्तित्त्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कर्मयोगी थे। उनका जाना दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिवार ही नहीं वरन समाज के लिए एक अपूर्णणीय क्षति है। शैक्षिक समन्वयिका दीप्ति घोष ने भी अपने विचार साझा करते हुए श्री गोयनका जी की सरलता सहजता, आदर्शों तथा कर्तव्यनिष्ठा आदि की चर्चा करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।